an>

Title: Need to reduce the train fare for daily commuters in superfast, mail/express trains.

श्री डी.एस. राठौड़ (साबरकांठा) ः भारतीय रेलवे द्वारा हाल ही में मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की स्पीड बढ़ाकर उन्हें सुपरफास्ट ट्रेनों में परिवर्तित किया गया है। उसके साथ ही इन ट्रेनों का किराया भी बढ़ाया गया है। इस निर्णय की वजह से रोज अपनी नौकरी एवम् रोज़गार के लिए अप-डाउन करने वाले यात्रियों को ऐसी ट्रेनो से यात्रा करने पर पाबंदी लगा दी गई है और उनके लिए यात्री ट्रेन कम हो गई हैं। भारत सरकार, भारतीय रेलवे की सभी ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने जा रही है तब ऐसी गाड़ियों की स्पीड बढ़ने से यात्री किराये में हुई बढ़त/किराया को मूल स्थिति में लाया जाना चाहिए और सभी रेल यात्रियों को मेल/एक्सप्रेस/सुपरफास्ट ट्रेनों में सफर करने की अनुमति दी जानी चाहिए। ऐसी मेरी मंत्रालय से मांग है। ऐसा करने से रेल एवं रेलवे स्टेशनों पर हो रहा ट्रैफिक बहुत कम होगा।